आकाशवाणी शिमला

15.03.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

अनुराग सिंह ठाकुर

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि देवभूमि हिमाचल के विकास और यहां की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए केन्द्र की मोदी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज ऊना रेलवे स्टेशन से इंदौर–चंडीगढ़ एक्सप्रैस रेल सेवा का ऊना तक विस्तार करने के अवसर पर ये बात कही। उन्होंने कहा कि संगम नगरी प्रयागराज एक प्रमुख धार्मिक स्थल है और हिमाचल से बड़ी संख्या में लोग तीर्थाटन करने प्रयागराज जाते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रयागराज के लिए हिमाचल से सीधी रेल सुविधा न होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि इंदौर–चंडीगढ़ एक्सप्रैस का अब ऊना रेलवे स्टेशन तक एक्सटेंशन हो गया है जिससे अब प्रदेश से श्रद्धालु सीधे प्रयागराज जा सकेंगे। उन्होंने ये रेल सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार जताया है। इससे पहले अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर जिले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र के समोह में और ऊना जिले के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के दोघी में नशामुक्त–सुरक्षायुक्त बाईक रैलियां निकाली। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर सुरक्षित ड्राईविंग करते हुए अपनी उर्जा को विकसित भारत के निर्माण में लगाने का आहवान किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य में वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित कर रही है जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री आज शिमला जिला में रामपुर विधानसभा क्षेत्र के सराहन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कड़े निर्णय लेकर राज्य में व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के साथ सकारात्मक बदलाव लाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं जिनका लोगों को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पन्द्रह–बीस क्षेत्र में उप–तहसील खोलने, ननखड़ी में बस स्टैंड के निर्माण और शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण, नलाटी स्टेडियम का नामकरण पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के नाम से करने, रामपुर में पार्किंग के निर्माण और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किन्नू का नामकरण शहीद पवन धंगल के नाम से करने की घोषणा की।

घोषणा

निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कल दोपहर चुनाव तिथियों की घोषणा की जाएगी। लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी घोषित किया जाएगा। वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और चुनाव अप्रैल और मई में सात चरणों में संपन्न हुए थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने देश की 543 संसदीय सीटों में से 303 सीटें जीतकर शानदार जीत दर्ज की थी। इस बार पार्टी का लक्ष्य 370 सीटें जीतने का है। अब तक भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 267 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 82 उम्मीदवारों के नाम घोषित किये हैं। वाम दल, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और कुछ अन्य दलों ने भी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है।

प्रबोध सक्सेना

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा है कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए आगामी जून माह तक सुपर ब्रांड ऑफ हिमाचल लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार अच्छे उत्पादों का चयन किया जाएगा। मुख्य सचिव ने मंडी जिले के स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के विपणन और संवर्धन के लिए जिला प्रशासन की पहल पर तैयार किए गए माण्डव ब्रांड और प्रतीक चिन्ह का विमोचन करने के अवसर पर ये जानकारी दी। उन्होंने माडव्य ब्रांड के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का विमोचन भी किया। प्रबोध सक्सेना ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के विपणन के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

राम कुमार

मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार ने आज सोलन जिला के दून विधानसभा क्षेत्र की बाड़ियां पंचायत के पट्टा महलोग में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस कार्यालय के खुलने से क्षेत्र की 25 पंचायतों के 61 हजार 8 सौ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे।